उत्तर प्रदेश

में

२०–सूत्रीय कार्यक्रम

लक्ष्य एवं उपलब्धियां

1983-84

NIEPA DC
D00972

- 542
338.9
UTT - M

FOR PERSONAL USE ONLY

अनुक्रमणिका

क्रम-संख्या	विषय	पृष्ठ-संख्या
1	नया बीस सूत्री कार्यक्रम	1
2	सिचाई एवं शुष्क खेती की तकनीक	2
3	दलहन तथा तिलहन उत्पादन में वृद्धि	3
4	समग्र ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण रोजगार	5
5	भूमि सुधार एवं भूमि आवंटन	7
6	न्यूनतम मजदूरी	8
7	बंधुवा श्रमिकों का पुनर्वासन	9
8	अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास	10
9	पेयजल	13
10	आवास स्थल एवं आवास	14
11	नगर विकास मलिन बस्तियों का सुधार एवं दुर्बल वर्ग आवास	15
12	विद्युत् उत्पादन एवं ग्रामीण विद्युतीकरण	16
13	वन एवं वैकल्पिक ऊर्जा	17
14	परिवार नियोजन	19
15	स्वास्थ्य	20
16	मातृ एवं शिशु कल्याण	22
17	शिक्षा	24
18	आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति	26
19	औद्योगिक विकास	27
20	तस्करों, जमाखोरों तथा कर की चोरी करने वालों के विरुद्ध अभियान	29
21	सार्वजनिक उद्यम	30
22	बीस सूत्री कार्यक्रम एक दृष्टि में--राज्य स्तरीय लक्ष्य एवं उपलब्धियां	33
23	मण्डलवार/जनपदवार लक्ष्य	41
	(1) मेरठ मण्डल	42
	(2) आगरा मण्डल	48
	(3) बरेली मण्डल	54
	(4) मुरादाबाद मण्डल	59
	(5) इलाहाबाद मण्डल	63
	(6) झांसी मण्डल	69
	(7) वाराणसी मण्डल	75
	(8) गोरखपुर मण्डल	82
	(9) लखनऊ मण्डल	87
	(10) फैजाबाद मण्डल	96
	(11) कुमायूं मण्डल	99
	(12) गढ़वाल मण्डल	103
24	कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण व्यवस्था	109
25	जनपदवार प्रभारी मंत्रिगण	110
26	महत्वपूर्ण शासनादेश	111

Sub. National Systems Unit,
Nati[illegible] of Educational
Pl[illegible]
1[illegible]0016
DOC. No. D-[illegible]
Date......[illegible]

नया बीस सूत्री कार्यक्रम

1--सिंचाई क्षमता में और वृद्धि की जाये। सूखी जमीन पर खेती से सम्बन्धित तकनीकी ज्ञान और खाद्यान्नों का विकास एवं प्रचार किया जाये।

2--दलहन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि के लिये विशेष प्रयास किय जायें।

3--समग्र ग्रामीण विकास एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को सुदृढ़ एवं अधिक विस्तृत किया जाए।

4--कृषि योग्य भूमि की हदबन्दी लागू हो। तमाम प्रशासनिक और कानूनी अड़चनों को दूर कर जमीन से संबंधित रिकार्डों को एकत्र कर पूरे तौर से दुरुस्त किया जाए तथा हदबन्दी की सीमा से अधिक जमीन का बंटवारा भूमिहीनों के बीच किया जाये ।

5--कृषि कार्य में लगे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने से संबंधित कानूनों की समीक्षा की जाय और इसे असरदार तरीके से लागू किया जाए।

6--बंधुवा मजदूरों के पुनर्वासन की व्यवस्था की जाए।

7--अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के विकास से सम्बद्ध कार्यों में तेजी लाई जाए।

8--दूर-दराज इलाकों में बसे सभी ग्रामों में पीने के पानी का प्रबन्ध हो।

9--ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे परिवार जिनके पास अपने मकान बनाने के लिये जमीन नहीं है उनको इसके लिए जमीन दी जाए और उनके लिये मकान बनाने में सहायता से सम्बद्ध जो कार्य-क्रम हैं उनका विस्तार किया जाए।

10--झुग्गी झोपड़ी बस्तियों के वातावरण में सुधार लाये जायें। आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिये गृह निर्माण कार्यक्रम को लागू किया जाये और जमीन की कीमतों में जो अनावश्यक वृद्धि हो रही है उसे रोकने के लिये उपाय किये जाएं।

11--बिजली के उत्पादन को अधिकतम सीमा तक बढ़ाया जाय। बिजली बोर्ड की कार्य-प्रणाली में सुधार लाया जाए और सभी गांवों में बिजली पहुंचाई जाए।

12--वनरोपण कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ चलाया जाए, सार्वजनिक उद्यान एवं बागवानी तथा बायोगैस तथा ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के विकास का कार्यक्रम आगे बढ़ाया जाए।

13--परिवार नियोजन को स्वैच्छिक आधार पर सार्वजनिक अभियान के रूप में चलाया जाए।

14--सामान्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाओं को ज्यादा बढ़ाया जाये तथा कुष्ठ, टी० बी० और अन्धेपन को नियंत्रित करने के उपाय किये जायें।

15--महिलाओं और बच्चों के कल्याण कार्यक्रम में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों, विशेषरूप से आदिवासी, पहाड़ी एवं पिछड़े इलाकों में रहने वालों के लिये पौष्टिक आहार कार्यक्रम तीव्र गति से चलाये जायें।

16--छः से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों के लिये प्रारम्भिक शिक्षा की व्यापक व्यवस्था की जाय और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जाए। साथ ही इन कार्यक्रमों में छात्रों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाय ताकि वयस्कों की निरक्षरता का अन्धकार दूर हो सके।

17--उचित दर की दुकानों की संख्या बढ़ा कर और दूरदराज के इलाकों में चलती-फिरती दुकानों की व्यवस्था करके औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों और छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये दुकानें खोल कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बढ़ोत्तरी की जाए। पाठ्य-पुस्तकें और अभ्यास पुस्तिकाओं की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए । उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिये जोरदार कदम उठायें जायें।

18--पूंजी निवेश की प्रक्रियाओं को उदार बनाया जाए और औद्योगिक नीति को सरल बनाया जाय ताकि हम योजनाओं को समय से पूरा कर सकें तथा दस्तकारी, हथकरघा एवं दूसरे ग्रामीण उद्योग धंधों को हर प्रकार की सुविधायें दी जायें, जिससे वे प्रगति करें और अपनी तकनीक को आधुनिक बना सकें।

19--तस्करों, जमाखोरों और कर की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाए ताकि काला धनरु के।

20--सार्वजनिक उद्यमों की कार्यकुशलता, अपनी क्षमता के उपयोग और आंतरिक साधनों के उत्पादन की शक्ति को बढ़ाकर उनकी कार्य-प्रणाली में सुधार लाया जाए

सिचाई एवं शुष्क खेती की तकनीक

सूत्र संख्या 1—सिंचाई क्षमता में और वृद्धि की जाए। सूखी जमीन पर खेती से संबंधित तकनीकी ज्ञान और खाद्यान्नफसलों का विकास एवं प्रचार किया जाए।

(क) सिंचन क्षमता में वृद्धिः—

सिंचन क्षमता में वृद्धि का सीधा संबंध कृषि उत्पादन में वृद्धि से है। इसीलिए शासन सिंचाई कार्यक्रमों को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान करता है।

वर्ष 1981–82 के अन्त तक विभिन्न सिंचाई साधनों से 184.01 लाख हे0 सिंचन क्षमता का सृजन हुआ। वर्ष 1982–83 में 12.87 लाख हे0 अतिरिक्त सिंचन क्षमता के सृजन का लक्ष्य था जिसके विपरीत लगभग 12.57 लाख हे0 सिंचन क्षमता का सृजन हुआ। वर्ष 1983–84 में कुल 9.80 लाख हे0 अतिरिक्त सिंचन क्षमता के सृजन का लक्ष्य निर्धारित है। विभिन्न श्रोतों से सृजित क्षमता तथा 1983–84 का लक्ष्य निम्नवत् हैः—

क्रम-संख्या	कार्यक्रम	इकाई	1.4.82 का स्तर	1982–83 का लक्ष्य	1982–83 की उपलब्धि	1983–84 का लक्ष्य
1	बृहद एवं मध्यम सिंचाई	लाख हे0	65.62	1.75	1.64 (अनन्तिम)	0.55
2	राजकीय लघु सिंचाई	लाख हे0	29.64	1.65	1.43	1.25
3	निजी लघु सिंचाई	लाख हे0	88.75	9.47	9.50	8.00
	कुल सिंचन क्षमता		184.01	12.87	12.57	9.80

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि सिंचन क्षमता के सृजन में निजी लघु सिंचाई साधनों का योगदान सर्वाधिक है है। सरकार लघु तथा सीमान्त कृषकों को सिंचाई साधनों हेतु ऋण तथा अनुदान की सुविधा उदार शर्तों पर उपलब्ध करा रही है है। निजी लघु सिंचाई साधनों में लक्ष्य से अधिक पूर्ति शासन द्वारा प्रदत्त उक्त सुविधाओं का ही परिणाम है।

(ख) सूखी जमीन पर खेतीः—

वर्ष 1982–83 में इस कार्यक्रम को सूक्ष्म नियोजन प्रणाली के आधार पर कार्यान्वित किया गया। वर्ष 1983–84 में इस कार्यक्रम को और अधिक नियोजित ढंग से कार्यान्वित करने के लिए अपेक्षाकृत अधिक व्यापापक उपाय किये गये हैं। प्रदेश के 971 चयनित जल समेट क्षेत्र/भूखण्डों के अन्तर्गत 5.81 लाख हे0 तथा चयनित जजल समेट क्षेत्र के बाहर 8.69 लाख हे0 क्षेत्रफल में सूखी जमीन पर खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 1982–83 की लक्ष्य, पूर्ति तथा 1983 के लक्ष्य का विवरण निम्नवत् हैः—

क्रम-संख्या	कार्यक्रम	इकाई	1982–83 लक्ष्य	1982–83 पूर्ति	1983–84 का लक्ष्य
	सूखी जमीन पर खेती–				
1	माईक्रोशेड के अन्तर्गत	हजार हेक्ट0	600	603	5581
2	माइक्रोशेड के बाहर	हजार हेक्ट0	438	453	8669

कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु तैयार की गयी रूप रेखा में बेन्च मार्क सर्वेक्षण एवं कृषकवार फसल योजना, नमी संरक्षण विधियों, शस्य विधियों के प्रचार एवं प्रसार, उन्नतिशील बीजों के वितरण, रसायनिक उर्वरकों के वितरण, उन्नतिशील कृषियंत्रों के वितरण, कृषि रक्षा उपचार, सामुदायिक नर्सरी तथा प्रदर्शन आदि मदों पर विस्तृत निर्देश प्रसारित किए गए हैं। वर्ष 1983–84 में कार्यक्रम को अपेक्षाकृत अधिक तत्परता में लागू करने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की गयी हैः—

(1) कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु समयबद्ध रूप रेखा तथा रणनीति तैयार की गयी है।

(2) कार्यक्रम की सफलता तथा सही रिपोर्टिंग हेतु विभिन्न स्तरों पर सत्यापन अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं तथा सत्यापन के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

(3) कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा तथा कार्यक्रम में आने वाले अवरोधों को दूर करने हेतु विभिन्न स्तरों पर "टास्क फोर्स" बना दिए गए हैं।

(4) विकास खण्ड, जनपद, मण्डल तथा राज्य स्तर पर बहुअनुशासनात्मक समितियों का गठन कर दिया गया है जो कृषकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करेगी।

(5) कृषि निवेशों की व्यवस्था हेतु व्यापक प्रबन्ध किए गए हैं।

दलहन तथा तिलहन उत्पादन में वृद्धि

सूत्र संख्या 2—दलहन तथा तिलहन के उत्पादन में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जायें ।

(क) दलहन:—

देश में दलहन का सर्वाधिक उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है । प्रदेश में दलहनी फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय औसत के ऊपर है। उत्पादकता की दृष्टि से हरियाणा तथा पंजाब के बाद उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। उत्पादकता में वृद्धि के लिए सघन विधियों को अपनाने पर बल दिया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि अन्य फसलों के क्षेत्रफल को प्रभावित किए बिना उत्पादन में वृद्धि की जाय। इसके लिए सहफसली खेती पर बल दिया जा रहा है।

वर्ष 1982–83 में 30 लाख मी0 टन दलहन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जबकि वर्ष 1983–84 म 32.30 लाख दलहन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। क्षेत्र आच्छदन तथा उत्पादन के लक्ष्य एवं पूर्ति का विवरण निम्नवत् है:—

क्रम-संख्या	मद	इकाई	1982–83		1983–84 का लक्ष्य
			लक्ष्य	पूर्ति	
1	खरीफ क्षेत्रफल	ह0 हे0	775	717	900
2	खरीफ उत्पादन	लाख मी0 टन	2.00	1.02	2.50
3	रबी क्षेत्रफल	ह0 हे0	2725	2520	3000
4	रबी उत्पादन	लाख मी0 टन	28.00	अप्राप्त	29.80
	योग–क्षेत्रफल ..	ह0 हे0	3500	3237	3900
..	.. उत्पादन ..	लाख मी0 टन	30.00	अप्राप्त	32.30

दलहन विकास की विभिन्न योजनाओं द्वारा जनसामान्य, विशेषकर गरीब वर्ग को निम्नलिखित सुविधा प्रदान की जा रही है:—

1—दलहन के प्रमाणित बीज पर 200 रु0 प्रति कुण्टल तथा टूथफुल बीज पर 100 रु0 प्रति कुन्तल की दर से श्रोत पर अनुदान है।

2—प्रदर्शन के आयोजन के लिए वास्तविक व्यय या 375 रु0 प्रति हैक्टेयर जो कम हो, अनुदान कृषि-सामग्री के रूप में उपलब्ध कराने का प्राविधान है।

3—कृषि रक्षा सामग्री हेतु कीटनाशक दवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत तथा स्थलीय छिड़काव हेतु 15 रु0 प्रति हैक्टेयर की दर से श्रम पर अनुदान उपलब्ध है।

4—पर्वतीय क्षेत्रों में दलहन फसलों की सघन खेती के अन्तर्गत कृषकों को उर्वरकों के मूल्य पर 33 प्रतिशत अनुदान श्रोत पर उपलब्ध कराए जाने का प्राविधान है।

(ख) तिलहन:—

तिलहन प्रदेश की मुख्य औद्योगिक तथा नकदी फसल है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। तिलहन की मुख्य फसलों में राई, सरसों तथा तिल हैं। इसमें मूंगफली, सूरजमुखी तथा सोयाबीन के भी उत्पादन में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है।

वर्ष 1982–83 में तिलहन के क्षेत्रफल तथा उत्पादन के लक्ष्य-पूर्ति तथा वर्ष 1983–84 में लक्ष्य का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:—

क्रम-संख्या	मद	इकाई	1982–83		1983–84 का लक्ष्य
			लक्ष्य	पूर्ति	
1	खरीफ क्षेत्रफल	ह0 हे0	1100	1033	1126
2	खरीफ उत्पादन	लाख मी0 टन	5.00	3.98	4.55
3	रबी क्षेत्रफल	ह0 हे0	2900	2913	3074
4	रबी उत्पादन	लाख मी0 टन	15.50	अप्राप्त	18.45
	योग—क्षेत्रफल ..	ह0 हे0	4000	3946	4200
	उत्पादन	लाख मी0 टन	20.50	अप्राप्त	23.00

तिलहन विकास की विभिन्न योजनाओं द्वारा जन-सामान्य विशेषकर गरीब वर्ग को मिलने वाले लाभ निम्नलिखित हैं:——

(1) शोध द्वारा विकसित तिलहन उत्पादन की नई तकनीक के प्रचार तथा प्रसार हेतु प्रदर्शन तथा मिनीकिट ट्रायल्स का आयोजन जिसके लिए कृषिकों को कृषि निवेश पर आंशिक सुविधा कृषि सामग्री के रूप में देय हैं।

(2) मूंगफली, सोयाबीन तथा राई-सरसों के टूथफूल बीज पर 100 रु० प्रति कुन्तल तथा प्रमाणित बीज पर 150 रु० प्रति कुन्तल अनुदान की सुविधा उपलब्ध है।

(3) कृषि रक्षा हेतु कीटनाशक दवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत तथा स्थलीय छिड़काव हेतु श्रम पर हुए व्यय हेतु 15 रु० प्रति हेक्टेयर अनुदान अनुमन्य है।

———

समग्र ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण रोजगार

सूत्र संख्या 3–समग्र ग्रामीण विकास एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को सुदृढ़ एवं अधिक विस्तृत किया जाय ।

(क) एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम:—

भारत सरकार की 50 प्रतिशत सहायता से एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम 2 अक्तूबर, 1980 से प्रदेश के सभी 885 विकास खण्डों में कार्यान्वित किया जा रहा है । कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के निर्बल वर्ग विशेषकर, लघु कृषकों, सीमान्त कृषकों खेतिहर मजदूरों तथा ग्रामीण शिल्पकारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाना है । कार्यक्रम के अन्तर्गत 600 परिवार प्रति विकास खण्ड लाभान्वित करने का लक्ष्य है जिसमें से 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति के होने चाहिये ।

1982–83 की लक्ष्य उपलब्धि तथा 1983–84 के लक्ष्य का विवरण निम्नलिखित है:—

क्रम-संख्या	मद	इकाई	1–4–82 का स्तर	1982–83		1983–84 का लक्ष्य
				लक्ष्य	उपलब्धि	
1	कुल लाभान्वित परिवारों की संख्या ..	लाख सं0	21.20	5.31	5.56	5.31
2	अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभान्वित परिवार	लाख सं0	4.84	2.70	2.37	2.70
3	अनुदान की धनराशि	लाख रु0	9973.85	7080.00	6545.21	7080.00

गुणात्मकता में सुधार:—

इस वर्ष कार्यक्रम की गुणात्मकता में सुधार के लिये यह व्यवस्था की गयी है कि लाभार्थियों का चयन खुली प्रक्रिया द्वारा किया जाय जिससे सही व्यक्ति का चुनाव हो । चुने गए लाभार्थियों की सूची ग्राम प्रधानों तथा विकास खण्डों में उपलब्ध रखने तथा विकास खण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश प्रसारित कर दिये गये हैं ।

लाभार्थियों के सही चयन के अतिरिक्त उचित प्रोजेक्ट के चयन पर भी बल दिया गया है । क्षेत्रों के परम्परागत तथा लाभप्रद आर्थिक कार्यक्रमों को दृष्टि में रखते हुए प्रोजेक्ट प्रोफाइल्स तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे क्षेत्र विशेष के लिये उपयुक्त कार्यक्रमों से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके । यह निर्णय लिया गया है कि लाभान्वित होने वाले 600 परिवारों में से 200 परिवारों को उद्योग-सेवा-व्यवसाय (आई0एस0बी0) सेक्टर से लाभान्वित किया जाय । लाभार्थियों तथा लाभान्वित परिवारों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं ।

सत्यापन एवं अनुश्रवण:—

अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि लाभान्वित परिवारों को उपलब्ध करायी गयी परिसम्पत्तियों का स्थलीय निरीक्षण करें। इस कार्यक्रम में इस वर्ष एक नयी एवं महत्वपूर्ण बात यह जोड़ी गयी है कि क्रेडिट कैम्पस के आयोजन के साथ-साथ अनुश्रवण शिविरों का भी आयोजन किया जाय जिनमें पिछले वर्षों में लाभान्वित परिवारों के साथ सम्पर्क किया जाय तथा देखा जाय कि इस योजना से उनके आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ा है । अनुश्रवण शिविरों के मुख्यत: निम्नलिखित उद्देश्य है:—

(1) लाभार्थियों को दी गयी परिसम्पत्ति का सत्यापन ।
(2) लाभार्थियों की समस्याओं का निराकरण ।
(3) लाभार्थी को ऋण अदायगी के सम्बन्ध में शिक्षित करना तथा ऋण अदायगी का अनुश्रवण ।
(4) लाभार्थियों में इस कार्यक्रम के प्रति विश्वास एवं जागरूकता पैदा करना ।
(5) सफल लाभार्थियों का प्रदर्शन तथा आस-पास के गांवों में इस कार्यक्रम का बृहत प्रचार ।

(ख) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम:—

यह कार्यक्रम दिसम्बर, 1980 से प्रारम्भ किया गया । कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ स्थायी परिसम्पत्तियों का निर्माण करना है । योजना के सम्पूर्ण व्यय में 50 प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार का है । वर्ष 1982–83 में इस कार्यक्रम हेतु कुल 7026 लाख रु0 आवंटित था जिसके द्वारा 562.08 लाख मानव दिवस रोजगार सृजन का लक्ष्य प्रस्तावित था । वर्ष 1983–84 में इस कार्यक्रम हेतु 6880 लाख रु0 का प्राविधान किया गया है तथा 550 लाख मानव दिवस रोजगार सृजन का लक्ष्य है । लक्ष्य एवं पूर्ति का विवरण निम्नलिखित है:—

क्र0सं0	मद	इकाई	1982–83		1983–84 का लक्ष्य
			लक्ष्य	उपलब्धि	
1	प्राविधानित धनराशि	लाख रु0	7026.00	4502.60 (अवन्तिम)	6880.00
2	रोजगार सृजन	लाख मानव दिवस	562.08	448.46	550.00

कार्यान्वयन व्यवस्था :—

भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य स्तर से सम्बन्धित विभागों को सीधे धनराशि न देकर सम्पूर्ण धनराशि जिला ग्राम्यम्य विकास अभिकरणों को आवंटित कर दी गयी है । धनराशि का आवंटन जनपदों में सीमान्त कृषकों, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों तथाथा अनुसूचित जाति तथा जनजाति की जनसंख्या को दृष्टि में रखते हुए किया गया है । पर्वतीय क्षेत्र इस नियम के अपवाद हैं क्योंकिकि वहां की विशिष्ट समस्यायें हैं ।

कार्यक्रम के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण नियम यह शिथिल किया गया है कि अब श्रम व सामग्री का अनुपात 60 : 40 प्रत्येक क प्रोजेक्ट के लिये अलग-अलग न होकर सम्पूर्ण जनपद के लिये करना होगा । इस छूट से अब अनेक ऐसे कार्यक्रम लिये जा सकेंगे जोगो जनपदों के लिये आवश्यक एवं महत्वपूर्ण होते हुए भी प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिये श्रम एवं सामग्री का अनुपात 60 : 40 देने के कारणण नहीं लिये जा रहे थे ।

जनपदों में कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से सम्पादित करने के लिये प्रोजेक्ट प्रोफाइल्स बनाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें में प्रोजेक्ट के स्थल, उसकी लागत, श्रम-साः ग्री अनुपात तथा समय-बद्धता निर्धारित हों । लिये जाने वाले कार्यों का निर्णय वर्ष केके प्रारम्भ में "शेल्फ आफ प्रोजेक्ट्" के अन्तर्गत व र लेने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं जिससे पूर्ण वर्ष तदर्थ निर्णयों के आधार पर र कार्य स्वीकृत होते रहे ।

जनपद स्तर पर आवंटित धनराशि से किये जाने वाले कार्यों में से भारत सरकार ने दो मदों म निम्नानुसार व्यय को अनिवार्यय कर दिया है:—

1—सामाजिक वानिकी के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का कम से कम 10 प्रतिशत व्यय इस मद म हो ।

2—इसी प्रकार जनपद स्तर पर आवंटित धनराशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत व्यय ऐसे विशिष्ट कार्यों पर किया जायय जिनका सीधा लाभ अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों को पहुंचे ।

———

भूमि सुधार एवं भूमि आवंटन

सूत्र संख्या 4--कृषि योग्य भूमि को हदबन्दी लागू हो। तमाम प्रशासनिक और कानूनी अड़चनों को दूर कर जमीन से संब्बंधित रिकार्डों को एकत्र कर पूरे तौर से दुरुस्त किया जाये तथा हदबन्दी की सीमा से अधिक जमीन का बंटवारा भूमिहीनों के बीच किया जाये।

1-- हदबन्दी की सीमा से अधिक भूमि का बटवारा भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के बीच किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश अधिकतम जोत सीमा आरोपण (संशोधन) अधिनियम, 1972 प्रदेश में 8 जून, 1973 से लागू किया गया एवं यह अनुमान था कि लगभग 2.50 लाख एकड़ भूमि इस अधिनियम के कार्यान्वियन से प्राप्त होगी।

2--उक्त अधिनियम को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से लागू किये जाने के फलस्वरूप मार्च, 1983 तक 2,65,368 एकड़ भूमि राज्य में निहित हुई जिसमें से 2,38,294 एकड़ भूमि का आवंटन कर दिया गया। प्रदेश के 1,95,574 भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को भूमि मिल चुकी है जिसमें 1,44,803 लाभार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति के हैं।

3--वर्ष 1982-83 में 4,831 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया था एवं भूमि आवंटन से 5,106 भूमिहीन खेतिहर मजदूर लाभान्वित हुए जिसमें 4,219 आवंटी अनुसूचित जाति/जनजाति के थे।

4--सीलिंग भूमि के आवंटियों को आर्थिक सहायता दिये जाने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1982-83 में 29,069 भूमि आवंटियों को 88.69 लाख रुपया बांटा गया जिसमें 17,277 लाभार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति के थे, जिन्हें 49.46 लाख रूपया वितरित किया गया। वर्ष 1983-84 में 25,000 भूमि आवंटियों में 98.00 लाख रुपये बांटने का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित इस योजना में 1000 रु0 प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता देने का प्राविधान है।

5--सीलिंग अधिनियम के अन्तर्गत अधिकांश अवशेष कार्य विवादित/न्यायालय के स्थगन आदेशों के कारण लम्बित है। वादों के शीघ्र निस्तारण के समुचित प्रयास किये जा रहे हैं। वादों के निस्तारण से जैसे-जैसे भूमि मिलती जायेगी उसका आवंटन किया जाता रहेगा। भूमि आवंटियों को आर्थिक सहायता दिये जाने का मासिक/त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित कर दिये गये हैं एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि लक्ष्य पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

6--हदबन्दी से संबंधित 24,222 ग्रामों में से 23,700 ग्रामों के रिकार्ड दुरुस्ती का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश के 23 जिलों के 1668 ग्राम सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रियाओं हेतु अधिसूचित है जिनमें से 863 ग्रामों में अभिलेखों की दुरुस्ती की जा चुकी है॥

न्यूनतम मजदूरी

सूत्र संख्या 5—कृषि कार्य में लगे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने से संबंधित कानूनों की समीक्षा की जाये और इसे असरदार तरीके से लागू किया जाये ।

1—कृषि कार्य में नियोजित वयस्क कर्मचारियों के लिये राज्य सरकार ने दिनांक 9 जनवरी, 1981 से मजदूरी की सर्वसमावेशी न्यूनतम दरें निर्धारित/पुनरीक्षित की है । प्रदेश को चार सम्भागों में बांटते हुए मजदूरी की न्यूनतम दरें निम्नवत निर्धारित की गयी हैं:—

1—पूर्वी सम्भाग	6.30 रु0 प्रतिदिन या	169 रु0 प्रतिमास
2—मध्य तथा बुन्देल खण्ड सम्भाग	7 रु0 प्रतिदिन या	182 रु0 प्रतिमास
3—पश्चिमी सम्भाग	8.50 रु0 प्रतिदिन या	221 रु0 प्रतिमास
4—पर्वतीय सम्भाग	8.00 रु0 प्रतिदिन या	208 रु0 प्रतिमास

2—उपरोक्त दरों के प्रभावी प्रवर्तन के लिये राज्य सरकार ने श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक स्तर तक के अधिकारियों के अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी कृषि/पंचायत/सहकारिता को न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत "निरीक्षक" के अधिकार प्रदान कर दिये हैं ।

3—कृषि कार्य में नियोजित श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दरें दिलाने के लिये राज्य सरकार द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 1982 से एक मास के लिये तथा पुनः दिनांक 15 नवम्बर, 1982 से 31 दिसम्बर, 1982 तक विशेष अभियान चलाये गये जिसका परिणाम अत्यन्त संतोषजनक रहा । जैसा कि निम्नलिखित विवरण से विदित होगा:—

	वर्ष 1981–32 की उपलब्धि	वर्ष 1982–83 की उपलब्धि
1—निरीक्षणों की संख्या ..	18046	72653
2—दायर किये गये निदेश वाद की संख्या	1703	2633
3—दायर किये प्राभियोजन की संख्या	23	89

4—वर्ष 1983–84 में कृषि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाये जाने में और अधिक प्रगति लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने समस्त जिलाधिकारियों एवं मण्डलायुक्तों को यह आदेश भेजे हैं कि प्रत्येक निरीक्षक माह में कम से कम 5 तथा वर्ष में 60 निरीक्षण अवश्य करें ।

बन्धुवा मजदूरों का पुनर्वासन

सूत्र संख्या–6––बंधुवा मजदूरों के पुनर्वासन की व्यवस्था की जायें

1––वर्ष 1976 में बाण्डेड लेबर सिस्टम एबालीशन ऐक्ट लागू होने के उपरान्त राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में बंधुवा श्रमिकों का सत्यापन किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारियों के माध्यम से एक सघन सर्वेक्षण कराया और जो बंधुवा श्रमिक सत्यापित किये गये उन्हें तत्काल अवमुक्त कराया गया। उनके पुनर्वासन की योजना वर्ष 1976–77 से ही प्रारम्भ कर दी गयी।

2––प्रारम्भ में बंधुवा श्रमिकों की पुनर्वासन योजना का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 50 प्रतिशत समतुल्य अनुदान से पर्वतीय क्षेत्रों के जिला देहरादून, उत्तरकाशी तथा टेहरी गढ़वाल में किया गया। बंधुवा श्रमिकों की पुर्नवासन योजना के अन्तर्गत प्रत्येक बंधुवा श्रमिक को 4000 रुपये तक की पुनर्वासन सहायता "वस्तु", के रूप में दी जाती है। यह सहायता उन्हें पशुपालन, कृषि एवं कुटीर उद्योग आदि के लिय किस्त के रूप में दी जाती है। उक्त 4000 रुपये की सहायता में 2,000 रुपये भारत सरकार का अंशदान तथा शेष 2,000 रुपय राज्यांश है।

3––पर्वतीय क्षेत्रों में कुल 8055 सत्यापित एवं अवमुक्त बंधुवा श्रमिक पाये गये थे जिनमें देहरादून में 3391, उत्तरकाशी में 3281 तथा टेहरी गढ़वाल में 1383 बन्धुवा श्रमिक थे। इनमें अधिकांश अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग थे।

पर्वतीय क्षेत्रों के सभी 8055 बंधुवा श्रमिकों को दिनांक 31 मार्च, 1983 तक पुनर्वासित कर दिया गया। विवरण निम्नवत् है:––

वर्ष	पुनर्वासित बंधुवा श्रमिकों की संख्या	वास्तविक व्यय (लाख रुपये में)
1980–81 तक	2286	91.06
1981–82	1831	89.138
1982–83	3938	123.165
योग ..	8055	303.363

4––पर्वतीय क्षेत्र के अतिरिक्त मैदानी क्षेत्र में 589 बंधुवा श्रमिक सत्यापित किये गये जिसमें से इलाहाबाद तथा बांदा जिलों के बंधुवा श्रमिकों की पुनर्वासन योजना भारत सरकार से प्राप्त 50 प्रतिशत समतुल्य अनुदान से चलाई जा रही है। वर्ष 1981–82 में 38 बंधुवा श्रमिकों को पुनर्वासित किया गया, जिसमें 4.19 लाख रुपये का व्यय हुआ। वर्ष 1982–83 में 311 बन्धुवा श्रमिक पुनर्वासित किये गये जिसमें 3.796 लाख रुपये व्यय किये गये। इस प्रकार मैदानी क्षेत्र के 349 बंधुवा श्रमिकों के पुनर्वासन पर 7.986 लाख रुपये का व्यय किया गया।

5––शेष 240 बंधुवा श्रमिकों में से 143 अन्य प्रदेश के थे जहां वे चले गये तथा 36 ऐसे हैं जो 'पुनर्वासन के लिये उपलब्ध नहीं है अथवा उनको सहायता की आवश्यकता नहीं है।

शेष 61 बंधुवा श्रमिकों को वर्ष 1983–84 में पुनर्वासित करना है। इनका विवरण निम्नवत् है:––

1––बांदा (मानिकपुर के अतिरिक्त)	13
2––मिर्जापुर	22
3––फतेहपुर	19
4––हमीरपुर	2
5––रायबरेली	5
योग ..	61

उपर्युक्त 61 का 50 प्रतिशत अर्थात् 31 भविष्य में सत्यापित होने वाले श्रमिकों को आधार मानकर कुल 92 श्रमिकों के पुनर्वासन का लक्ष्य वर्ष 1983–84 में रखा गया है।

6––उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र में 1983–84 में पुनर्वासन हेतु कोई बन्धुवा श्रमिक शेष नहीं है।

अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों का विकास

सूत्र संख्या 7–अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के विकास से सम्बद्ध कार्यों में तेजी लायी जाये ।

(क) अनुसूचित जाति का विकास :—

उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं बल्कि इस प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या भी अन्य प्रदेशों की तुलना में सबसे अधिक है । वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 2. 34 करोड़ है । अनुसूचित जातियों की यह जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या की 21 प्रतिशत से भी अधिक है और पूरे देश की अनुसूचित जातियों की जनसंख्या भी लगभग 25 प्रतिशत है । इस प्रदेश में अनुसूचित जातियों के लगभग 48 लाख परिवार हैं जिनमें से 1980–81 के पूर्व लगभग 30 लाख परिवार गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे ।

छठीं पंचवर्षीय योजना के पूर्व में शासकीय योजनाओं में अनुसूचित जातियों के लिये मुख्यत: शैक्षिक कार्यक्रमों पर जोर दिया जाता रहा है और अनुसूचित जातियों को शासन द्वारा चलायी गयी सर्वांगीण विकास की योजनायें, विशेषकर आर्थिक विकास की योजनाओं का अपेक्षित लाभ प्राप्त न हो सका जिसके कारण वे विकास की गति में सामान्य वर्गों में काफी पीछे रह गये । अनुसूचित जातियों के सामाजिक पिछड़ेपन का मूल कारण उनका आर्थिक पिछड़ापन ही है । अत: अनुसूचित जातियों को जनजीवन की मुख्य धारा में सम्मिलित करने के उद्देश्य से यह आवश्यक हो गया है कि प्रदेश में निवास करने वाली अनुसूचित जातियों की उपरोक्त बृहद् जनसंख्या तथा उनके अत्याधिक पिछड़ेपन को दृष्टिगत रखते हुए विकास योजनाओं का लाभ उन्हें इस प्रकार उपलब्ध कराया जाय कि वे विकास की गति में समान स्तर तक पहुंच जाये । उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार 2 अक्तूबर, 1980 से अनुसूचित जातियों के विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से निम्नांकित लक्ष्यों के साथ स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान का कार्यान्वियन कर रही है:—

(1) अनुसूचित जातियों के 50 प्रतिशत अर्थात् 15 लाख परिवारों को छठीं पंचवर्षीय योजना काल 1980–85 के अन्त तक आर्थिक विकास की विभिन्न योजनाओं द्वारा गरीबी की रेखा के ऊपर उठाया जाय ।

(2) अनुसूचित जातियों के शैक्षिक स्तर में गैप को छठी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक समाप्त कर दिया जाय ।

(3) अनुसूचित जाति के लोग प्राय: विशिष्ट क्षेत्रों में केन्द्रित होते हैं जो सामान्यत: प्रतिष्ठित भाग से अलग समझे जाते हैं और इन क्षेत्रों में सामान्य सुविधाओं का अभाव रहता है, अत: अनुसूचित जातियों की बस्तियों/ उनके निवास क्षेत्र में सामाजिक सेवाओं की कमी को छठीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक समाप्त कर दिया जाय ।

(4) अनुसूचित जातियों में भी सर्वाधिक पिछड़े वर्गों जैसे सफाई मजदूर, अस्वच्छ पेशों में लगे लोग, अनुसूचित जातियों के ऐसे लोग जो विमुक्त एवं अस्थिरवासी जाति के हैं, बंधुवा मजदूरों, स्त्रियों एवं बच्चों इत्यादि के विकास पर विशेष बल दिया जाय ।

उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये शासन द्वारा यह प्रक्रिया अपनाई गई है कि विभिन्न विकास विभागों द्वारा जो विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं उनमें अनुसूचित जातियों की जनसंख्या, उनके पिछड़ेपन तथा योजनाओं के अन्तर्गत निर्धारित अनिवार्यताओं को दृष्टिगत रखते हुए अनुसूचित जातियों के लिये वित्तीय तथा भौतिक लक्ष्यों को मात्राकृत किया जाय । स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत शासन द्वारा गरीबी निवारण के लिये चलाई जा रही योजनाओं, ग्रामीण तथा क्षेत्रीय विकास की योजनाओं तथा न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रमों के अन्तर्गत आयोजनागत परिव्ययों का बड़ा अंश अनुसूचित जातियों पर व्यय के लिये मात्राकृत किया जा रहा है । छठी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 626. 43 करोड़ रुपये की धनराशि अनुसूचित जातियों के विकासार्थ मात्राकृत की गई है । वर्ष 1979–80 में अनुसूचित जातियों पर केवल 23. 24 करोड़ रुपये व्यय किया गया था जबकि वर्ष 1980–81 में 55. 04 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1981–82 में 86. 63 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गई । वित्तीय वर्ष 1982–83 में अनुसूचित जातियों के विकासार्थ राज्य योजनाओं में 121. 06 करोड़ रुपये की धनराशि मात्राकृत की गई थी और इस वित्तीय वर्ष में 121. 26 करोड़ रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है । इसके अतिरिक्त अनुसूचित जातियों के आर्थिक विकास की योजनाओं पर व्यय करने के लिये भारत सरकार, राज्य सरकार को विशेष केन्द्रीय सहायता भी प्रदान करती है । स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के प्रारम्भिक वर्ष अर्थात् 1980–81 में राज्य सरकार को 22. 06 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई थी जब कि वर्ष 1981–82 में 28. 21 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1982–83 में 29. 56 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई इस धनराशि को भी विभिन्न विभागों, जैसे ग्राम विकास विभाग, पशुधन विभाग, हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, निर्यात प्रोत्साहन विभाग आदि द्वारा अनुसूचित जातियों के आर्थिक विकास योजनाओं पर व्यय किया जा रहा है ।

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के लिये जो विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं उनका अन्तर्निहित मूल उद्देश्य यह है कि छठी पंचवर्षीय योजना काल 1980–85 के अन्त तक प्रदेश के अनुसूचित जातियों के 50 प्रतिशत अर्थात् पन्द्रह लाख परिवारों को आर्थिक विकास की विभिन्न योजनाओं के द्वारा गरीबी की रेखा के ऊपर उठाया जाय । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये शासन द्वारा कृषि, पशुपालन तथा कुटीर एवं लघु उद्योगों से संबंधित योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को ऋण/अनुदान की सुविधा दी जा रही है । सामान्यत: अनुदान की धनराशि शासकीय एजेंसियों द्वारा उपलब्ध करायी जाती है और ऋण की धनराशि व्यवसायिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती है । अनुसूचित जातियों के आर्थिक विकास के लिये शासन के विभिन्न विभागों के माध्यम से विशिष्ट योजनायें भी चलाई गयी है ।

इसके अतिरिक्त स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के निवास क्षेत्रों में क्षेत्रीय विकास न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम, जैसे पेय जल, पुष्टाहार, ग्रामीण आवासीय व्यवस्था आदि के अतिरिक्त सड़कों का निर्माण, विद्युत आपूर्ति

की व्यवस्था तथा अन्य सामाजिक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही हैं। 20 सूत्रीय कार्यक्रम तथा स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत महत्वपूर्ण योजनाओं में वर्ष 1982–83 में निर्धारित लक्ष्य, उनकी पूर्ति तथा 1983–84 के लिये निर्धारित लक्ष्यों तथा उन योजनाओं के अन्तर्गत 1 अप्रैल, 1983 तक की स्थिति निम्नांकित है:—

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1982–83 का लक्ष्य	1982–83 में पूर्ति	योजना के प्रारम्भ से क्रमिक प्रगति	1983–84 का लक्ष्य
1	2	3	4	5	6
1	अनुसूचित जातियों की बस्तियों का विद्युतीकरण ..	2700	3,834	22,642	1,888
2	अनुसूचित जातियों की बस्ती में पेयजल की व्यवस्था—				
	(क) हैण्ड पम्प	780	2,503	7,033	..
	(ख) कुएं	4,000	3,192	46,427	1,364
	(ग) डिग्गियां	200	498	2,691	500
3	आवासीय भू-स्थलों का आवंटन	52,000	1,03,543	12,93,723	60,000
4	ग्रामीण आवासों का निर्माण	13,500	18,293	59,031	5,200
5	गरीबी के रेखा के ऊपर उठाने के उद्देश्य से अनुसूचित जातियों के परिवारों को लाभान्वित	4,50,000	4,14,730	9,25,085	4,50,000

हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जातियों के विकास तथा समाज कल्याण के लिये उपलब्ध कराई जा रही महत्वपूर्ण सुविधायें निम्नवत् हैं:—

1—20,000 रुपये तक की लागत की स्वयं रोजगार की योजनाओं में 50 प्रतिशत अथवा 3,000 रुपये तक, जो भी कम हो, अनुदान की सुविधा 16,000 रु0 से ऊपर लागत की योजनाओं में योजना की लागत का 20 प्रतिशत या अधिकतम 5,000 रुपये मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर।

2—अनुसूचित जाति बाहुल्य वाले प्रदेश के 400 विकास खण्डों में:—
(अ) 10,000 रुपये तक की दुकान का आवंटन जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान होगा।
(ब) 10,000 रु0 तक की कृषि योग्य भूमि का आवंटन जिसमें 5,000 रु0 अनुदान होगा।
(स) शासन की ओर से सामूहिक लघु सिंचाई योजनायें।

3—कक्षा 9 तथा 10 के अनुसूचित जाति के सभी छात्रों को छात्रवृत्ति।

4—अनुसूचित जातियों के गरीब लोगों की पुत्रियों की शादी हेतु 5,000 रु0 तक अनुदान।

5—अनुसूचित जाति के माता/पिता को अपनी पुत्री को स्कूल पढ़ने भेजने पर 15 रुपये प्रतिमाह भुगतान।

6—प्रत्येक जनपद में अनुसूचित जातियों के छात्र/छात्राओं के लिये छात्रावासों का निर्माण।

7—अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों को त्वरित रूप से तथा आसानी से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु छात्रवृत्ति की धनराशि को छात्र के सेविंग बैंक एकाउन्ट में सीधे जमा कराने की व्यवस्था।

8—विभाग द्वारा निराश्रित महिलाओं तथा विकलांगों के पुनर्वासन हेतु कार्यशालाओं की व्यवस्था की गई है। जिसके अतिरिक्त, विकलांगों को रोजगार में लगाने हेतु विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप गत वित्तीय वर्ष में 100 विकलांगों को रोजगार में लगाया गया।

9—पुष्टाहार कार्यक्रम अब तक 88 विकास खण्डों में भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विशेष तौर पर पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों के 0–6 वर्ष के बच्चों के लिए पुष्टाहार एवं अनौपचारिक शिक्षा का प्रबन्ध आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है। इन बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि आदि का कार्यक्रम इसी योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पादित किया जा रहा है।

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान राज्य सरकार का प्रतिष्ठित कार्यक्रम है और इसके कार्यान्वयन के लिये सरकार शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करती है।

प्रधान मंत्री जी के नये बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सूत्र संख्या–7 में अनुसूचित जातियों के विकास कार्यक्रमों में तेजी लाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के कार्यान्वयन की प्रगति का अनुश्रवण जिला, मण्डल, विभागाध्यक्ष तथा शासन के उच्चतम स्तर पर प्रत्येक माह किया जाता है। जिला स्तर पर अनुसूचित जाति के कार्यक्रमों में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अपर जिला विकास अधिकारियों (हरिजन कल्याण) के कार्यालय 1980–81 में ही स्थापित किये जा चुके हैं। स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान का अनुश्रवण जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित अन्तर्विभागीय समिति द्वारा तथा मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में गठित मण्डल स्तरीय अधिकारियों की समिति द्वारा प्रत्येक माह किया जाता है। शासन स्तर पर इस प्लान के सामान्य अनुश्रवण का दायित्व नियोजन विभाग तथा हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग को दिया गया है।

(ख) अनुसूचित जनजातियों के लिये विकास कार्यक्रम:—

हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग तराई अनुसूचित जनजाति विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जन-जातियों के विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रहा है। इस निगम की स्थापना 2 अगस्त, 1975 को हुई है। यह निगम मैदानी क्षेत्र के जनपद खीरी, गोण्डा, बहराइच, गोरखपुर, बिजनौर में निवास करने वाली अनुसूचित जन-जातियों एवं दक्षिणीपूर्वी क्षेत्र के इलाहाबाद, मिर्जापुर, वाराणसी, बांदा, ललितपुर, झांसी, जनपदों में निवास करने वाले आदिवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का कार्य करता है।

(1) समन्वित विकास परियोजनाओं का संचालन:—

यह निगम खीरी में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, खीरी एवं गोण्डा में थारु विकास परियोजना, गोण्डा का संचालन कर रहा है। इन परियोजनाओं के माध्यम से इन जनपदों के अनुसूचित जन-जातियों के लिए परिवारोन्मुखी एवं क्षेत्रीय विकास के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। इन कार्यों के लिये अब तक रु0 165.96 लाख प्राप्त हुए हैं और उसमें से रु0 146.30 लाख का उपभोग किया गया है। 10704 जनजाति परिवार लाभान्वित हुए हैं और विभिन्न कार्यक्रमों से 229, परिवार गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु लाभान्वित किये गये हैं।

(2) जनपद गोरखपुर, बहराइच, बिजनौर के अनुसूचित जनजातियों का आर्थिक विकास:—

इन जनपदों में जन-जातियों के आर्थिक विकास हेतु सामग्री के रूप में 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि एवं बागवानी व कुटीर उद्योग के विकास के लिए निगम अनुदान वितरित करता है। इस निगम की स्थापना से अब तक इन कार्यों के लिये रु0 34.33 लाख प्राप्त हुए हैं और रु0 19.80 लाख का उपभोग किया गया है जिससे 1148 जनजाति परिवार लाभान्वित हुए हैं। यह कार्य जिला हरिजन एवं समाज कल्याण अधिकारियों के माध्यम से होते हैं।

(3) प्रौढ़ शिक्षा:—

अनुसूचित जनजाति के प्रौढ़ व्यक्तियों के शिक्षा प्रसार के लिए रु0 0.134 लाख प्राप्त हुए थे। इस धन से खीरी एवं गोण्डा परियोजनाओं में 240 प्रौढ़ों को साक्षर बनाया गया है।

(4) प्राइमरी शिक्षा:—

प्राइमरी शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु खीरी एवं गोण्डा परियोजनाओं के लिये रु0 1.30 लाख उपलब्ध थे इस धनराशि का पूर्ण उपयोग कर लिया गया है। इसका उपयोग कक्षाओं के संचालन एवं निःशुल्क पौष्टिक आहार की व्यवस्था के लिए किया गया। पौष्टिक आहार आश्रम पद्धति के विद्यालयों एवं छात्रावासों में दिया गया है जिन्हें सर्वेन्ट आफ इंडिया सोसाइटी चलाती है।

(5) आदिवासियों के आर्थिक विकास के कार्यक्रम:—

आदिवासियों के आर्थिक विकास हेतु 50 प्रतिशत अनुदान पर कुटीर उद्योग तथा कृषि एवं बागवानी के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। इन कार्यक्रमों के लिये निगम को रु0 21.00 लाख उपलब्ध कराये गये प्राप्त हुए हैं और उसमें से रु0 14.27 लाख का उपभोग किया गया है जिससे 1645 परिवारों को लाभ पहुंचा है। यह कार्यक्रम अपर जिला विकास अधिकारियों के माध्यम से संचालित किये जाते हैं। अब निगम ने सर्वेक्षण कराकर चार समन्वित विकास परियोजनायें भी तैयार की हैं जिनमें से एक जनपद इलाहाबाद, दो जनपद मिर्जापुर व एक जनपद बांदा के लिये है। यह परियोजनायें शासन के विचारार्थ हैं।

(6) अनुसूचित जनजातियों तथा आदिवासियों के उत्थान हेतु संचालित अन्य कार्यक्रम:—

इन जातियों को बड़े ठेकेदारों के चंगुल से बचाने एवं उचित मजदूरी दिलाने के उद्देश्य से यह निगम लघु वन उपजों के संग्रहण का कार्य करता है तथा उचित मूल्य पर दैनिक आवश्यकता की वस्तुयें भी उपलब्ध कराता हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये जनपद खीरी, गोण्डा, मिर्जापुर एवं बांदा में आदिवासी बाजार स्थापित किये गये हैं। खीरी तथा गोण्डा जिलों में कृषि उपज लाही तथा धान का विपणन भी निगम कर रहा है। खीरी जनपद में लाही तथा धान की प्रोसेसिंग की सुविधा भी स्थापित की गई है। कृषि कार्यों में सहायता के लिए ट्रैक्टर भी कम किराये पर जन-जातियों को उपलब्ध कराया जाता है।

(7) अन्य प्रस्तावित कार्यक्रम:—

यह निगम मिर्जापुर में एक हाईड्रेटेट लाइम फैक्ट्री लगाने पर विचार कर रहा है जिससे काफी संख्या में आदिवासियों को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। इसी प्रकार के संयंत्र बांदा जनपद में भी लगाने का कार्यक्रम है। अनुसूचित जन-जातियों के शिक्षित नवयुवकों को शासकीय अधीनस्थ सेवा परीक्षा के लिये एक कोचिंग सेंटर चलाने की योजना भी शासन के विचाराधीन है।

(8) विमुक्त जातियों का आर्थिक विकास:—

विमुक्त जातियों के आर्थिक विकास के लिये रु0 6.00 लाख की धनराशि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई, इस धन से बदायूं जनपद में एक सिलाई एवं कढ़ाई केन्द्र तथा एक टाइपिंग स्कूल खोलकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध कराने पर विचार किया जा रहा है।

(9) शोध एवं प्रशिक्षण तथा सर्वेक्षण कार्यक्रम:—

जन-जातियों का सर्वेक्षण कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं तथा सम्बन्धित क्षेत्रों के विकास के लिये योजनायें तैयार करने के लिये एक शोध केन्द्र की व्यवस्था एवं जन-जातियों की संस्कृति के सही मूल्यांकन की दृष्टि से एक संग्रहालय की स्थापना भी की जा रही है। एक पुस्तकालय की स्थापना भी की गई है। जिसमें जन-जातियों से सम्बन्धित साहित्य एकत्र किया गया है। इसके लिये वर्ष में रु0 6.40 लाख की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसमें से रु0 5.03 लाख का उपयोग कर लिया गया है।

पेयजल

सूत्र सं0 8--दूरदराज इलाकों में बसे सभी ग्रामों में पीने के पानी का प्रबन्ध हो ।

पेयजल हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। अतः समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध एवं यथेष्ट मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने के लिये शासन प्रयत्नशील है। पेयजल की व्यवस्था मुख्यतः दो विभागों द्वारा की जा रही है। जल निगम ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा रहा है तथा ग्राम्य विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों की हरिजन बस्तियों में कुओं/डिग्गियों का निर्माण कर रहा है।

जल निगम द्वारा पेयजल व्यवस्था:--

वर्ष 1971-72 में प्रदेश में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 35,506 ग्राम अभावग्रस्त पाए गए थे। अभावग्रस्त ग्राम उन्हें माना गया था जिनमें पानी का स्रोत 1.6 किलोमीटर से दूर अथवा 100 मीटर से अधिक ऊंचाई/निचाई पर स्थित है। बहुत से ग्रामों का पानी खारा पाया गया अथवा उनमें क्लोरोफाइड की मात्रा अधिक पाई गयी जो स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। इस समस्या के निदान हेतु जल निगम द्वारा पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति का कार्यक्रम चलाया गया। वर्ष 1982-83 में भारत सरकार के निर्देश पर पाइप लाइन द्वारा जल सम्पूर्ति के स्थान पर बड़े आकार के हैण्ड पम्प लगाने का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। अतः अब पुरानी अवशेष परियोजनाओं को छोड़कर समस्त नए ग्राम भारत सरकार के निर्देश पर हैण्ड पम्प द्वारा ही आच्छादित किए जा रहे हैं।

मार्च 1982 तक जल निगम द्वारा कुल 13070 ग्रामों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी गयी जिसमें 8782 ग्राम समस्याग्रस्त थे। वर्ष 1982-83 में 5619 समस्याग्रस्त गांवों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इस प्रकार मार्च 1983 तक कुल 14401 समस्याग्रस्त ग्राम पेय जल सुविधाओं से आच्छादित किए जा चुके हैं। वर्ष 1983-84 में 8000 समस्याग्रस्त गांवों में बड़े आकार के हैण्ड पम्प द्वारा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। शासन की वर्तमान नीति के अनुसार जिन गांवों में हैण्ड पम्प लगाए जाऐंगे उनकी हरिजन बस्तियों में भी कम से कम एक हैण्ड पम्प अवश्य लगाये जायेंगे। भारत सरकार निर्देशानुसार छठी पंचवर्षीय योजना के अन्त तक प्रत्येक समस्याग्रस्त गांव में कम से कम एक पेयजल स्रोत उपलब्ध करा देने का लक्ष्य है।

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था—

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा हरिजन बस्तियों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मैदानी क्षेत्र की हरिजन बस्तियों में कूप निर्माण करके तथा पहाड़ी क्षेत्र की बस्तियों में डिग्गियों का निर्माण करके पेयजल की व्यवस्था की जा रही है।

योजना के प्रारम्भ से मार्च 82 तक की उपलब्धि 1982-83 का लक्ष्य तथा उपलब्धि एवं 1983-84 के लक्ष्य का विवरण निम्नलिखित है:--

कार्यक्रम		इकाई	1.4.82 तक की उपलब्धि	1982-83		1983-84 लक्ष्य
				लक्ष्य	उपलब्धि	
1		2	3	4	5	6
1	कुएं	संख्या	43235	4200	4195	1364
2	हैण्ड पम्प	संख्या	4530	780	3026	..
3	डिग्गी	संख्या	2193	433	736	500

आवास स्थल एवं आवास

सूत्र सं0 9 -ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे परिवार जिनके पास अपने मकान बनाने के लिये जमीन नहीं है, उनको इसके लिए जमीन दी जाये और उनके लिये मकान बनाने में सहायता से सम्बद्ध जो कार्यक्रम हैं, उनका विस्तार किया जाये।

शासन समस्त आवास हीनों को आवास स्थल तथा आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना अपना नैतिक दायित्व समझता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवास स्थल आवंटन का कार्य राजस्व विभाग द्वारा तथा आवास निर्माण का कार्य ग्राम्य विकास विभाग तथा हरिजन कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

आवास स्थल आवंटनः—

ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जाति/जन-जाति, भूमिहीन कृषि श्रमिकों, ग्रामीण शिल्पकारों तथा निर्बल वर्ग के लोगों को आवास स्थल आवंटित करने का कार्यक्रम वर्ष 1972 से प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ऐसे परिवार को जिसके पास अपना कोई निजी मकान नहीं है अथवा मकान में रहने की जगह अपर्याप्त है, आवास हेतु भूमि आवंटित की जाती है। इसके लिये सामान्यतया ग्राम्य समाज की भूमि दी जाती है, किन्तु जहां ऐसी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां खातेदारों की भूमि अध्याप्त करके दी जा रही है जिसका व्यय शासन द्वारा वहन किया जा रहा है।

मार्च 1982 तक कुल 1459587 आवास स्थल आवंटित किये गये जिसमें 1190180 आवास स्थल अनुसूचित जाति/जन-जाति के व्यक्तियों को आवंटित किये गये। वर्ष 1982–83 में 70 हजार लक्ष्य के विपरीत 151137 आवास स्थल आवंटित किये गये जिसमें से 103543 आवास स्थल अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों को दिये गये। वर्ष 1983–84 में कुल 60 हजार आवास स्थल आवंटित करने का लक्ष्य है जिसमें से 46 हजार आवास स्थल अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को दिये जायेंगे। राजस्व परिषद् द्वारा पात्र परिवारों की अद्यावधिक सूची तैयार करने हेतु पुनः सर्वेक्षण किया जा रहा है।

आवास निर्माणः—

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पात्र लोगों को आवास बनाने हेतु वित्तीय सहायता सामग्री के रूप में दी जाती है। आवास निर्माण हेतु मैदानी क्षेत्र में 2000 रु0 अथवा मकान की लागत का 75 प्रतिशत जो भी कम हो तथा पर्वतीय क्षेत्र में 3000 रु0 अथवा मकान की लागत का 75% जो भी कम हो, अनुदान सामग्री के रूप में दिया जाता है। शेष 25 प्रतिशत लाभार्थी द्वारा श्रम के रूप में लगाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त आवास स्थल को विकसित करने हेतु 150 रु0 प्रति खण्ड पर व्यय किए जाने का प्राविधान है।

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मार्च 1982 तक ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 41375 आवास निर्मित कराए गए जिसमें से 35566 आवास अनुसूचित जाति/जन-जाति के परिवारों के लिए थे। वर्ष 1982–83 में 18,183 आवास निर्मित किए गए जिसमें से 16614 आवास अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों को आवंटित किए गए। वर्ष 1983–84 में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 5744 आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आवास स्थल आवंटन तथा आवास निर्माण की अब तक की उपलब्धि तथा 1983–84 का लक्ष्य का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:—

क्रम-संख्या	कार्यक्रम	इकाई	मार्च 1982 तक की उपलब्धि	1982–83		1983–84 का लक्ष्य
				लक्ष्य	उपलब्धि	
1	आवास स्थल आवंटन					
	क—कुल	(सं0)	1459587	70000	151137	60,000
	ख—अनुसूचित जाति/जन-जाति ..	(सं0)	1190180	52500	103543	46000
2	ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवास निर्माण					
	क—कुल निर्मित आवास ..	(सं0)	41375	15215	18183	5744
	ख—अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों के लिए ..	(सं0)	35566	11597	16614	4287

नगर विकास मलिन बस्तियों का सुधार

सूत्र सं0 10–झुग्गी झोपड़ी बस्तियों के वातावरण में सुधार लाए जाएं, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लिये गृह निर्माण कार्यक्रम को लागू किया जाय और जमीन की कीमतों में जो अनावश्यक वृद्धि हो रही है उसे रोकने के लिए उपाय किये जायं।

1—मलिन बस्ती पर्यावरण सुधार योजना—

प्रदेश के शहरीय क्षेत्रों में बढ़ती हुई जनसंख्या के फलस्वरूप मलिन बस्तियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस समस्या को दृष्टि में रखते हुए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1972–73 में मलिन बस्तियों के पर्यावरण सुधार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। पांचवीं पंचवर्षीय योजना से यह कार्यक्रम स्टेट सेक्टर में स्थानान्तरित कर दिया गया। वर्ष 1981–82 के अन्त तक 1971 के जनगणना के अनुसार प्रदेश के ऐसे 12 नगरों में यह योजना लागू रही, जिनकी जनसंख्या दो लाख से अधिक थी। अब इस कार्यक्रम को केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित "छोटे एवं मध्यम नगरों की एकीकृत विकास योजना" के अन्तर्गत एक लाख से कम जनसंख्या वाले 23 नगरों को सम्मिलित कर लिया गया है।

2—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मलिन बस्तियों में नाली, खड़ंजा, सीवर, पानी की लाइन, बिजली के खम्भे, सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानगृह आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इस कार्यक्रम द्वारा मार्च, 1982 तक मलिन वस्तियों की 8,92,800 जनसंख्या को लाभान्वित किया गया। वर्ष 1982–83 में 1,69,800 जनसंख्या लाभान्वित करने का लक्ष्य था, इसके विपरीत 1,89,263 लोगों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 1983–84 में इस योजना द्वारा 1,75,000 जनसंख्या को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

3—समाज के आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लिये गृह निर्माण योजना:—

इस योजना के अन्तर्गत समाज के कमजोर वर्ग के लोगों तथा औद्योगिक श्रमिकों को, जिनकी मासिक आय 350 रु0 प्रतिमास से कम है, स्थानीय निकायों, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् तथा विकास प्राधिकरणों के माध्यम से मकान बनवा कर आसान किस्तों पर उपलब्ध कराये जाते हैं। इन आवासों के निर्माण हेतु मकान बनाने वाली एजेन्सियों को राज्य सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सामान्य बीमा निगम से अनुदान एवं ऋण उपलब्ध कराये जाते हैं।

इस योजना के अन्तर्गत मार्च 1982 के अन्त तक 99,600 आवास निर्मित किये गये। वर्ष 1982–83 में 22,946 आवास निर्माण का लक्ष्य था जिसके विपरीत 19,292 आवास निर्मित कराये गये। वर्ष 1983–84 में इस वर्ग के लिये 27000 आवास निर्मित कराने का लक्ष्य है।

मलिन बस्ती पर्यावरण सुधार कार्यक्रम तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिये गृह निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत हुई अब तक की प्रगति तथा वर्ष 1983–84 के लक्ष्य का विवरण निम्नलिखित है:—

क्रम-संख्या	कार्यक्रम	इकाई	31–3–82 तक की उपलब्धि	1982–83		1983–84
				लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
1	मलिन बस्ती पर्यावरण सुधार	लाभान्वित जनसंख्या	8,92,800	1,69,800	1,89,263	1,75,000
2	आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिये गृह निर्माण	संख्या	99,600	22,946	19,292	27,000

विद्युत् उत्पादन में वृद्धि

सूत्र संख्या 11--बिजली के उत्पादन को अधिकतम सीमा तक बढ़ाया जाय । बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाय और सभी गांवों में बिजली पहुंचायी जाये ।

1--औद्योगिक एवं कृषि उत्पादन में विद्युत् की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इस प्रदेश में योजना काल के प्रारंभ से ही बिजली को उपलब्धता मांग को दृष्टि में रखते हुए कम रही है। इसका प्रमुख कारण सेक्टर में पूंजी निवेश की कमी रही है। देश का सम्पूर्ण जनसंख्या का 16.2 प्रतिशत इस प्रदेश में रहते हैं लेकिन देश की कुल अधिष्ठापित क्षमता में 11.8 प्रतिशत योगदान ही इस प्रदेश का है। आज से लगभग 36 वर्ष पूर्व 1947 में प्रदेश की विद्युत उत्पादन इकाइयों की कुल अधिष्ठापित क्षमता केवल 157 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 3770 मेगावाट हो गयी है।

2--छठी पंचवर्षीय योजना में 2144 मेगावाट की अतिरिक्त अधिष्ठापित क्षमता सृजन करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम दो वर्षों में 344 मेगावाट क्षमता का सृजन हुआ तथा 200 मेगावाट क्षमता की ओबरा की अन्तिम इकाई मार्च, 1982 में रोल की जा चुकी है। शेष क्षमता का सृजन जल विद्युत् की यमुना द्वितीय चरणखोट्टी (120 मेगावाट) व मनेरी भाली प्रथम चरण (90 मेगावाट) तथा तापीय विद्युत् की परिच्छा (220 मेगावाट) एवं आनपारा "ए" (630 मेगावाट) परियोजनाओं को पूरा करके किया जाना है। टांडा तापीय परियोजना से भी आंशिक लाभ (330 मेगावाट) इस अवधि में प्राप्त होने का लक्ष्य है। वर्ष 1983-84 में खोट्टी, मनेरी भाली तथा परिच्छा परियोजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त आनपारा "ए" की प्रथम इकाई (210 मेगावाट) मार्च, 1984 में चालू हो जाने की आशा है। वर्ष 1983-84 में कुल 430 मेगावाट क्षमता के सृजन का लक्ष्य है।

3--विद्युत् गृहों की कुछ पुरानी मशीनें जीर्ण दशा में हैं अथवा उनमें स्थायी त्रुटियां आ गयी हैं। विद्युत् उत्पादन को अधिकतम सीमा तक बढ़ाए जाने के उद्देश्य से इन विद्युत् गृहों पर "मरम्मत एवं रिनोवेशन' का एक बृहत कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है इस कार्यक्रम पर लगभग 90 करोड़ व्यय किया जायेगा।

वर्ष 1982-83 में कुल 12528 मिलियन यूनिट विद्युत् उत्पादन का लक्ष्य था जिसके समक्ष 12587मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन हुआ। वर्ष 1983-84 में 13420 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है।

ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मार्च, 1982 तक 47525 ग्रामों तथा 18858 हरिजन बस्तियों में बिजली पहुंचायी गई। वर्ष 1982-83 में 4000 ग्रामों तथा 2700 हरिजन बस्तियों को विद्युतीकरण करने का लक्ष्य था जिसके समक्ष 5842 ग्रामों तथा 3834 हरिजन बस्तियों को विद्युतीकृत किया गया इसके अतिरिक्त मार्च, 1982 तक 4,14,943 नलकूपों/पम्प सेटों को ऊर्जीकृत किया गया। वर्ष 1982-83 में 36000 नलकूपों/पम्प सेटों के उर्जीकरण का लक्ष्य था जिसके समक्ष 23923 नलकूपों/पम्प सेटों को उर्जीकृत किया गया।

विद्युत् कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछली उपलब्धियों तथा वष 1983-84 के लक्ष्यों का विवरण निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:--

क्रम-संख्या	कार्यक्रम	इकाई	1-4-82 का स्तर	1982-83		1983 84
				लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
1	अधिष्ठापित क्षमता का सृजन ..	मेगावाट	3770	310	..	430
2	विद्युत उत्पादन ..	मि0यू0	..	12528	12587	13420
3	ग्रामों का विद्युतीकरण ..	संख्या	47525	4000	5842	3500
4	हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण	संख्या	18858	2700	3834	1888
5	नलकूपों/पम्प सेटों का ऊर्जन	संख्या	4,14,943	36000	23923	36000

वन एवं वैकल्पिक ऊर्जा

सूत्र संख्या 12—वन रोपण कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ चलाया जाये, सार्वजनिक उद्यान एवं बागवानी तथा बायोगैस तथा ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोतों के विकास का कार्यक्रम आगे बढ़ाया जाये ।

पर्याप्त वनों के बिना, जीवधारियों का जीवन सम्भव नहीं है । पिछले कुछ दशकों में कृषि के विकास, यातायात की सुविधाओं, उद्योगों में वृद्धि, नदी घाटी परियोजनाओं, खनन आदि के विकास के साथ-साथ एक ओर वनों का ह्रास हुआ तथा दूसरी ओर जनसंख्या में वृद्धि के परिणाम स्वरूप प्रति व्यक्ति वन क्षेत्रफल में कमी हुई । यहीं नहीं, जनसंख्या के दबाव एवं आर्थिक कारणों से वनों का नाश हुआ जिससे भूमि कटाव, बाढ़, आदि प्रकोपों के साथ-साथ परिस्थिति में भारी क्षति हुई है । अतः प्रदेश में वनों के महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये, समस्त सामाजिक महत्व के वृक्षारोपण कार्यक्रमों एवं भूमि संरक्षण योजनाओं तथा राजकीय वनों में वना धारित विभिन्न औद्योगिक इकइयों के लिये कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उत्पादन वानिकी योजनाओं को वर्ष 1982–83 से प्रधान मंत्री जी के नये 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है, ताकि परिस्थिति को पूर्व अवस्था में लाने, पर्यावरण को सन्तुलित करने, जल एवं ऊर्जा श्रोत का संरक्षण करने, ग्रामीण जनता को ईंधन एवं लकड़ी, पशुओं के लिये चारा ग्रामीण अंचलों में रोजगार के अवसर सृजित करने आदि उद्देश्यों की पूर्ति करना सम्भव होगा तथा हरे-भरे वृक्ष प्राकृतिक प्रक्रियाओं से जनसंख्या एवं औद्योगीकरण द्वारा नित्य प्रति दूषित हो रहे वातावरण को शुद्ध करने में सहायक होंगे । विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्ष 1982–83 की उपलब्धि एवं वर्ष 1983–84 के लक्ष्य का विवरण निम्न प्रकार है :

सूत्र से संबंधित कार्यक्रम	इकाई	वर्ष 1982–83 के लक्ष्य	वर्ष 1982–83 की उपलब्धि	वर्ष 1983–84 के लक्ष्य
1	2	3	4	5
(1) सामाजिक वृक्षारोपण				
